महत्वपूर्ण एवं खास

कश्मीर में फंसे प्रदेश के 77 लोगों को श्रीनगर में ठहराया गया

रायपुर (आरएनएस)। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार को आतंकियों ने रायपुर के कारोबारी दिनेश मिरानिया की गोली मारकर हत्या कर दी. वहीं कश्मीर में छत्तीसगढ़ के 77 लोग फंसे हैं. इनमें भिलाई के 12 लोग हैं. रायपुर के 61 और राजनांदगांव के 02 लोग हैं. सभी को श्रीनगर के होटल में ठहराया गया है.बताया जा रहा कि छत्तीसगढ़ के सभी पर्यटक मंगलवार को पहलगाम पहुंचे थे. आतंकी हमले के बाद आज कश्मीर बंद है. वहीं सीएम विष्णुदेव साय ने छत्तीसगढ़ के लोगों से बातचीत की है. डिप्टी सीएम व गृहमंत्री विजय शर्मा भी लगातार छत्तीसगढ़ के पर्यटकों से संपर्क में है, जो कश्मीर में फंसे हुए हैं.

मामूली बात पर अधेड़ ने पत्नी को जिंदा जलाया : गिरफ्तार

कांकेर-रायपुर (आरएनएस)। मामूली विवाद में अपनी पत्नी को जिंदा जलाने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वहीं मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेज दिया है। यह सनसनीखेज मामला कांकेर के थाना कोरर अंतर्गत ग्राम ऊपरतोनका का है। यहां रहने वाले प्रार्थी संतूराम गोटा ने थाना पहुंचकर बताया कि गांव में ही रहने वाले आरोपी छेरकूराम मतलाम पिता रजनूराम 57 वर्ष ने अपनी पत्नी चैतीबाई को जलाकर मार दिया है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी छेरकूराम को गिरफ्तार कर पूछताछ किया तो पता चला कि मामूली विवाद पर गुस्से में आकर आरोपी ने अपनी पत्नी चैतीबाई को जलाकर मार दिया है। आरोपी के अनुसार वह अपने परिवार के साथ घर के बाहर सोया हुआ था। सुबह करीब 4 बजे उसकी नींद खुली तो उसने अपनी पत्नी को घर के अंदर चलकर सोने कहा। इस पर चैतीबाई ने मना किया तो आरोपी ने उसे हाथ-मुक्के से मारा और इसके बाद उसके अचेत होने पर उसे पैरावट के पास लेजाकर जला दिया।

समोसे बेचने वाले युवक पर बदमाशो ने उड़ेला गर्म तेल युवक घायल

दुर्ग-रायपुर (आरएनएस)। दुर्ग में बदमाशों के हौसले बुलंद है बदमाश अब किसी भी हद तक जाकर लोगों को परेशान करने पर तुले हुए हैं ताजा मामला देर रात का है जहां भिलाई के कैंप 02 में प्रकाश नामक युवक समोसे की दुकान लगाता है जो कि रोज की तरह देर शाम अपने समोसे तलकर बेच रहा था इसी बीच दो युवक आए और उसके साथ गाली गलौज करने लगे गाली गलौज करते हुए उससे समोसे लिए और समोसा लेने के बाद वहीं बैठकर शराब पीने लगे दीपक ने इसका विरोध किया तो उसके साथ दोनों बदमाश युवको ने हाथापाई की इसके बाद दीपक ने अपने बड़े भाई प्रकाश को फोन करके बुला लिया दोनों भाइयों ने दोनों ही बदमाशों को समझाने की कोशिश की तो दोनों बदमाशों ने मिलकर कढ़ाई से गर्मागर्म तेल लेकर प्रकाश और दीपक के ऊपर उड़ेल दिया जिससे दोनों भाई जल गए आसपास के लोगों ने जब घटना को देखा तो फौरी तौर पर दोनों को अस्पताल ले जाया गया जहां दोनों को भर्ती कराया गया है फिलहाल दोनों बदमाश मौके से फरार हो गए तो वही इस पूरे मामले पर अब छावनी पुलिस की विवेचना जारी है।

भरभरा कर गिरी दीवार, दबने से नाबालिग की मौत

सरगुजा-रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले में दर्दनाक हादसा हुआ है, जहां कच्चे मकान की दीवार गिरने से एक नाबालिग मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया है. घायल को तत्काल इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है.जानकारी के अनुसार, दरिमा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम करजी में एक मकान मालिक अपने पुराने कच्चे मकान को तोडक़र नया मकान बनवा रहा था, जिसके लिए मैनपाट क्षेत्र के कदनई गांव से कुछ मजदूर काम करने के लिए लाए गए थे. काम के दौरान अचानक मिट्टी की दीवार भरभराकर गिर पड़ी, जिससे दो मजदूर मिट्टी में दब गए. घटना में एक नाबालिग मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई. वहीं दूसरा मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया है. घटना की सूचना मिलते ही दरिमा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई है.

अवैध खनन, परिवहन और भंडारण पर लगाम कसने खनिज विभाग की टीम ने की बड़ी कार्यवाई

❐ रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन करते 20 मशीनों और वाहनों को किया जब्त

कोरबा । आरएनएस

जिले में अवैध रेत खनन, परिवहन और भंडारण पर लगाम कसने के लिए प्रशासन सख्त हो गया है। कोरबा कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देशानुसार अवैध खनन, परिवहन और भंडारण पर लगाम कसने खनिज विभाग की टीम ने मंगलवार को बड़ी कार्रवाई की। रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन करते 20 मशीनों और वाहनों को जप्त किया गया। ग्राम बरबसपुर, सीतामणी, पताड़ी, सरगबुंदिया, झींका सहित आसपास के क्षेत्रों में छापामार जांच की गई। जांच के दौरान अभिवहन पास में दर्ज मात्रा से अधिक रेत परिवहन, अवैध भंडारण और अवैध उत्खनन करते हुए कुल 20 वाहनध्मशीनें पकड़ी गईं। इनमें 05 ट्रैक्टर, 06 टिप्पर, 04 हाईवा, 01 हाईवा (अवैध भंडारण में), 02 चैन माउंटेन मशीनें (अवैध उत्खनन में), 01 हाईवा और 01 ट्रेलर (गिट्टी के अवैध परिवहन में) शामिल हैं। सभी वाहन खनिज अधिनियम 1957 की धारा 21 के तहत जब्त किए गए हैं और आगे की कार्यवाही तक इन्हें खनिज जांच नाका उरगा में खड़ा किया गया है।

खनिज अधिनियम की कार्रवाई- जानकारी के अनुसार दल के संरक्षण में चल रहे रेत तस्करी के खिलाफ प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उप मुख्यमंत्री एवं कोरबा जिला प्रभारी अरुण साव से शिकायत की गई थी।राजधानी से शिकायत पर कार्रवाई के लिए कहे जाने के बाद कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देश पर सहायक खनिज अधिकारी उत्तम खूंटे ने अवैध खनन और परिवहन रोकने के लिए खुद कमान संभाली और हाइवा, ट्रिपर, ट्रैक्टर, चैन माउंटेन मशीन आदि को पकडक़र उरगा बेरियर में खड़ा कराया है। गाड़ी जब्त होने की खबर के बाद रेत तस्करों ने उरगा बेरियर जाकर कार्रवाई रोकने के लिए हंगामा मचाना भी शुरू कर दिया, लेकिन उनकी एक नहीं चली।

राजधानी में शिकायत- बताया जा रहा है कि कथित रूप से सत्तारूढ़

ट्रैक्टर की रॉयल्टी से कर रहे थे परिवहन- जानकारी के अनुसार पकड़े गए हाइवा और ट्रिपर में ट्रैक्टर की रॉयल्टी से रेत परिवहन किया जा रहा था, जिसकी लंबे समय से शिकायत मिल रही थी। कलेक्टर के निर्देश पर आज सुबह -सुबह कार्रवाई की गई है। माइनिंग टीम की ताबड़तोड़ कार्रवाई से जिले के रेत तस्करो में खलबली मच गई है।

लैंको में चला रेत सप्लाई का खेल- जानकारी के अनुसार सत्ता के संरक्षण में चल रहे रेत तस्करी का खेल लैंको की वजह से फल फूल रहा है। लैंको पॉवर के अधिग्रहण के बाद अडानी ग्रुप ने बंद पड़े कामो को रफ्तार देना शुरू किया है, जिसका फायदा रेत तस्कर दोनों हाथों से उठा रहे है। सूत्र बताते है कि रेत तस्कर मड़वारानी के पास झिंका से भी नदी का सीना चीरकर रेत खनन कर लैंको में खपा रहे है। सूत्रों के अनुसार लैंको में जांच करने पर बड़ी मात्रा में बिना रॉयल्टी का संग्रहित रेत मिल सकता है।

बालको में हो चुका है खेल- इससे पहले पिछले 5 वर्षों तक बालको में भी लाखों क्यूबिक मीटर रेत का अवैध उत्खनन और सप्लाई की गई थी। बताते हैं कि गेरवा घाट रेत खदान नगर निगम कोरबा को आबंटित किया गया था। इस खदान की रॉयल्टी पर्ची थोक के भाव रेत तस्करों को बेच दी गई, जिसके कारण रेत तस्करी पर तो पर्दा पड़ ही गया, साथ ही आम जनता को मिलने वाला रेत भी उस तक नहीं पहुंचा।

मेडिकल कालेज का निर्माण भी अवैध रेत से- सूत्रों से मिली जानकारी के निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज मैं भी पिछले दो वर्षों से जिले के रेत तस्कर लगातार चोरी का रेत खपाते आ रहे हैं। मेडिकल कॉलेज निर्माण स्थल का निरीक्षण किए जाने पर और अब तक हुए निर्माण कार्य का माप किये जाने पर इस बात की पुष्टि हो सकती है।

चोरी के रेत से अवैध निर्माण- जानकार सूत्रों का दावा है कि कोरबा शहर के करीब सभी निजी निर्माण कार्य चोरी के रेत से ही हो रहे हैं। यह सिलसिला लंबे समय से चला आ रहा हुई। इसके अलावा नगर निगम के अधिकांश निर्माण कार्य भी इसी तरह से चोरी के रेत सड़े हो रहे हैं। हालांकि सरकारी कार्यों के लिए शहरी और ग्रामीण क्षेत्र से रॉयल्टी की पर्ची का जुगाड कर क्लियरेंस लिया जाता है।

छात्रा की अस्मत लूटने वाला शिक्षक की सेवा समाप्त

गौरेला-पेंड्रा-मरवाही । आरएनएस

छत्तीसगढ़ में नाबालिग स्कूली छात्रा से हैवानियत करने वाले आरोपी शिक्षक के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई है. मामला संज्ञान में आने के बाद जिला शिक्षा अधिकारी ने आरोपी शिक्षक किशोर दिनकर की सेवा समाप्त कर दी है. इस संबंध में आदेश भी जारी किया है.जारी आदेश में गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले के शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय मरवाही में कार्यरत संविदा विज्ञान शिक्षक किशोर दिनकर द्वारा अध्ययनरत छात्रा के साथ दुव्र्यवहार किए जाने की घटना 19 अप्रैल 2025 को मीडिया में प्रसारित हुई. इस मामले में पुलिस द्वारा जांच के बाद आरोपी शिक्षक को भारतीय दंड संहिता और पॉक्सो एक्ट की धाराओं के तहत गिरफ्तार किया गया. जांच में यह पाया गया कि आरोपी का आचरण छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (संविदा नियुक्ति) नियम 2012 का उल्लंघन करता है. इसे दृष्टिगत रखते हुए, जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा तत्काल प्रभाव से उसकी संविदा सेवा समाप्त करने का आदेश जारी किया गया है. यह निर्णय कलेक्टर की स्वीकृति से लिया गया. बता दें कि मरवाही क्षेत्र के स्वामी आत्मानंद स्कूल में पढऩे वाली नौवीं कक्षा की एक छात्रा के साथ स्कूल के ही शिक्षक युगल किशोर दिनकर पर दुष्कर्म का गंभीर आरोप लगा है. पीडि़ता जो अंग्रेजी माध्यम में पढ़ती है, उसने बताया कि हिंदी विषय पढ़ाने वाले शिक्षक युगल किशोर ने लंबे समय तक उसका शारीरिक शोषण किया. मामले का खुलासा तब हुआ जब छात्रा गर्भवती हो गई. यही नहीं पीडि़ता ने शिक्षक के अलावा एक अन्य युवक त्रिलोक आर्मो पर भी शारीरिक शोषण का आरोप लगाया है.

उसूर थाना क्षेत्र के गलगम-नडपल्ली पहाड़ी में कई घंटों से पुलिस-नक्सली मुठभेड़ जारी

बीजापुर । आरएनएस

बीजापुर जिले के उसूर थाना क्षेत्र में स्थित गलगम-नडपल्ली पहाड़ी में बीते कई घंटों से सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच रुक-रुक कर भीषण मुठभेड़ जारी है। जिसके चलते इलाके में तनाव का माहौल बना हुआ है।

छत्तीसगढ़ के तीन जिलों तथा तेलांगना ग्रे हाउंट की टीम ने नक्सल ऑपरेशन लांच किया है। जिसके तहत मंगलवार को हुई झड़प के दौरान नक्सलियों ने आईईडी विस्फ ोट का सहारा लिया, जिससे स्थिति और भी गंभीर हो गई। इसके बाद से ही सुरक्षाबलों ने इलाके की घेराबंदी कर दी है और दोनों ओर से भारी गोलीबारी की सूचना मिल रही है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, बुधवार को भी उसूर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में गोलीबारी की आवाजें सुनाई दी। सुरक्षा एजेंसियां लगातार क्षेत्र पर नजर बनाए हुए हैं।

मुठभेड़ में जिला रिजर्व गार्ड केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल और कोबरा बटालियन की संयुक्त टीमें सक्रिय रूप से भाग ले रही हैं। बताया जा रहा है कि नक्सली दल को भारी नुकसान पहुंचा है, हालांकि सुरक्षा एजेंसियों की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक जानकारी साझा नहीं की गई है। बताया जाता है कि डीआईजी कमलोचन कश्यप दंतेवाड़ा से बीजापुर आकर इस ऑपरेशन की मॉनिटरिंग कर रहे है। वहीं बस्तर आईजी तेलांगना के वेंकटरापुरम में बैठकर मॉनिटरिंग कर रहे है।

हालांकि इस मुठभेड़ की अभी तक किसी ने भी पुष्टि नही की है।

करंट से हुई थी तेंदुए-वनभैंसे की मौत, दो शिकारी गिरफ्तार

महासमुंद-रायपुर । आरएनएस

छत्तीसगढ़ के महासमुंद जिले में वन्यजीवों के शिकार की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। बागबाहरा वनपरिक्षेत्र के खल्लारी सर्किल अंतर्गत संरक्षित वन क्षेत्र में दो दिन पहले करंट प्रवाहित तार में फंसकर तेंदुआ और वन भैंसा की मौत की घटना सामने आई थी। इस मामले में वन विभाग ने कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि एक अन्य आरोपी अभी फरार है।बता दें कि वन विभाग की जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपियों ने इससे पहले एक जंगली सुअर का भी शिकार कर उसे पकाकर खा लिया था। विभाग ने जब छापेमारी की तो आरोपियों के पास से पकाया हुआ सुअर का मांस, बिजली के तार, कांच की शीशी, लोहे की कुल्हाड़ी, लकड़ी की खूंटी, शाही जानवर का पंख, खरगोश और पक्षियों को पकडऩे के फंदे बरामद किए गए।बागबाहरा वन परिक्षेत्र के रेंजर लोकनाथ ध्रुव ने जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में मुकेश रावत (33 वर्ष) ग्राम खल्लारी निवासी और मनोहर यादव (50 वर्ष) ग्राम ओंकारबंद निवासी शामिल हैं। तीसरे आरोपी की पहचान कर ली गई है और उसकी गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।वन विभाग ने आरोपियों के खिलाफ भारतीय वन अधिनियम के तहत कड़ी कार्रवाई शुरू कर दी है। साथ ही, इस मामले में वन्यजीव संरक्षण को लेकर स्थानीय लोगों के बीच जागरूकता फैलाने का भी प्रयास किया जा रहा है।

ब्यूरी पार्लर संचालिका के खाते में आए 5 करोड़, पुलिस ने हिरासत में लिया

भिलाई-रायपुर । आरएनएस

भिलाई के वैशाली नगर थाना क्षेत्र में साइबर क्राइम से जुड़ा बड़ा मामला सामने आया है। यहां एक ब्यूटी पार्लर संचालिका महिला के बैंक खाते में 5 करोड़ रुपये की संदिग्ध एंट्री हुई, जिसे लेकर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। जांच में सामने आया कि यह रकम दिल्ली से किसी साइबर फ्रॉड के जरिए ट्रांसफर की गई थी।वैशाली नगर स्थित केनरा बैंक शाखा के ब्रांच मैनेजर परमाल सिंह सिंगोदिया ने पुलिस को जानकारी दी कि उनकी शाखा के 111 खातों में संदिग्ध लेनदेन दर्ज हुए हैं। इस सूचना के आधार पर पुलिस ने जांच शुरू की, जिसमें 22 लाख 5 हजार 173.53 रुपये विभिन्न खातों में होल्ड किए गए। इन्हीं खातों में से एक था – ब्यूटी पार्लर चलाने वाली महिला उमा शर्मा का, जिसके खाते में फरवरी 2025 में अचानक 5 करोड़ रुपये दिल्ली से ट्रांसफर हुए।आरोपी महिला का नाम उमा शर्मा (43 वर्ष) है, जो 1/2199, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी की निवासी है। वह एवनी ब्रेसिंग ब्यूटी पार्लर नाम से वैशाली नगर में दुकान चलाती है। उमा शर्मा ने केनरा बैंक में एक करंट अकाउंट खुलवाया था। उसी खाते में भारी रकम का लेनदेन हुआ। पुलिस पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि उसके खाते में आए पैसों को उसने एक कॉर्पोरेट खाते में ट्रांसफर कर दिया था, हालांकि उसे यह नहीं पता कि रकम की वास्तविक स्रोत क्या थी।म्युल अकाउंट ऐसे बैंक खाते होते हैं, जिन्हें धोखेबाज लोग अपने अवैध पैसों को छुपाने और ट्रांसफर करने के लिए अस्थायी रूप से उपयोग करते हैं। खाता धारक को कई बार पैसों की वास्तविकता की जानकारी नहीं होती, लेकिन उसका खाता अपराध में शामिल हो जाता है। सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी के अनुसार, उमा शर्मा के खिलाफ म्युल खाता संचालित करने का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने उसे ज्यूडिशियल रिमांड पर भेज दिया है। मामले में आगे कॉर्पोरेट खाते और दिल्ली से जुड़े साइबर गिरोह की तलाश की जा रही है।

नौकरी लगाने के नाम पर लाखों की ठगी,आरोपी गिरफ्तार

रायपुर । आरएनएस

राजधानी की सिविल लाईन थाना पुलिस ने नौकरी लगाने के नाम पर 4 लाख रूपये लेकर धोखाधड़ी करने वाले आरोपी विजय कुमार यादव उर्फ विवेक एवं एनोस दास को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियो द्वारा लोक निर्माण विभाग में नौकरी लगाने के नाम पर ऐंठे थे रूपये। आरोपी विजय के द्वारा खुद को पीडब्लयुडी का एसडीओ बताकर लोगों को झांसे में लेता था तथा लाखों रुपए लेकर देते थे फर्जी नियुक्ति प्रमाण पत्र देता था।

मिली जानकारी के अनुसार दिनांक 12.04.2025 को प्रार्थी हीरालाल राजवाड़े ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि विवेक कुमार यादव उर्फ विवेक के द्वारा अपनी चारपहिया वाहन में पी.डब्ल्यू.डी. छ.ग. शासन लिखवाकर स्वयं को पीडब्लयुडी का एसडीओ बताकर ब्लाक पोड़ी कोरबा मे एक स्कुल के निरीक्षण हेतु पहुंचा था। निरीक्षण पश्चात लोक निर्माण विभाग पोड़ी ब्लाक मे सब इंजीनियर वर्ग 1 एवं वर्ग 2 के आदिवासी व पिछडा वर्ग का सीट खाली है कहकर नौकरी लगाने की बात किया। जिस पर प्रार्थी उसकी बातों में आकर अलग अलग किश्तों में घड़ी चौक रायपुर के पास 4 लाख रूपये दे दिया, परन्तु आरोपी द्वारा प्रार्थी को अपने झांसे में लेने एवं अन्य लोगो को भी नौकरी लगाने की बात कहकर अपने मित्र एनोस दास के माध्यम से फर्जी नियुक्ति प्रमाण देकर नौकरी न लगाकर धोखाधड़ी किया। प्रार्थी के रिपोर्ट पर थाना सिविल लाईन में अपराध क्रमांक 155/2025 धारा 318(4),336 (3),340(1),340(2) बी.एन.एस. दर्ज कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देशन व थाना प्रभारी सिविल लाईन के नेतृत्व में थाना सिविल लाईन पुलिस द्वारा घटना के संबंध में प्रार्थी सहित आसपास के लोगों से विस्तृत पूछताछ करते हुए आरोपियों की पतासाजी करना प्रारंभ किया गया।

इसी दौरान टीम के सदस्यों को घटना में संलिप्त आरोपियों के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा आरोपी विजय कुमार यादव उर्फ विवेक यादव पता खीरकी महेन्द्रगढ थाना जनकपुरी जिला महेन्द्रगढ हाल पता दलदल सिवनी थाना पंडरी मोवा रायपुर से पूछताछ करने पर अपने साथी एनोस दास पता विनोवा भावे नगर इंद्रावती कालोनी राजातालाब थाना सिविल लाईन रायपुर के साथ मिलकर घटना को अंजाम देना स्वीकार किये। जिस पर आरोपियों को गिरफ्तार कर अग्रिम कार्यवाही किया गया है।

एबीवीपी ने राजधानी के कई स्थानो में किया आतंकवादियों का पुतला दहन

रायपुर । आरएनएस

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए कायराना आतंकी हमले के विरोध में आज अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा देशभर में विरोध प्रदर्शन किया गया। रायपुर महानगर में भी तीन प्रमुख स्थानों—पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर, नंदकुमार पटेल महाविद्यालय बिरगांव, घड़ी चौक रायपुर तथा सड्डू चौक पर आतंकवादियों का पुतला दहन किया गया।

राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. वीरेंद्र सिंह सोलंकी के आह्वान पर रायपुर महानगर इकाई द्वारा महानगर मंत्री प्रथम राव फुटाने के नेतृत्व में घड़ी चौक पर आतंकवादियों का पुतला दहन किया गया।

शाम 06:30 बजे घड़ी चौक पर सैकड़ों की संख्या में छात्र-छात्राएं, एबीवीपी कार्यकर्ता एवं आम नागरिक एकत्र हुए। देशद्रोहियों को माफ नहीं करेंगे, भारत एक था, एक है, और एक रहेगा, भारत माता की जय तथा वंदे मातरत जैसे राष्ट्रवादी नारे लगाए।

इस अवसर पर महानगर मंत्री प्रथम राव फुटाने ने कहा कि भारत विश्व का एकमात्र ऐसा देश है, जहां बहुसंख्यक समाज को उसके धर्म के कारण निशाना बनाया जाता है। जब दंगे होते हैं, तब हिंदुओं की गाडिय़ों और घरों पर भगवान के नाम लिखे होने के बावजूद उन्हें तोड़ा और जलाया जाता है। यदि सरकार ने जल्द ही इस पर नियंत्रण नहीं पाया, तो स्थिति आपातकाल से भी भयावह हो सकती है। हम इस संकट की घड़ी में सरकार के साथ खड़े हैं और मांग करते हैं कि आतंकियों का जड़ से सफ ाया कर उन्हें ऐसा सबक सिखाया जाए कि वे दोबारा भारत की ओर देखने की भी हिम्मत न करें।

महानगर छात्रा प्रमुख निशा नामदेव ने कहा कि भारत की पवित्र भूमि पर आतंकवाद के लिए कोई स्थान नहीं है। जो लोग देश के वीर जवानों पर हमला करते हैं, वे भारत की सहनशीलता को उसकी कमजोरी न समझें। विद्यार्थी परिषद राष्ट्र के प्रत्येक मोर्चे पर संगठित है और यह आक्रोश सरकार के लिए चेतावनी है। आतंकवाद के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई की जाए और इसकी जड़ों को समूल नष्ट किया जाए।

एबीवीपी ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में जिन लोगों ने अपने प्राण गंवाए, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद उनकी शहादत को श्रद्धांजलि अर्पित की और शोक संतप्त परिजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। साथ ही घायल लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की हैं। एबीवीपी पदधिकारियों ने कहा कि रायपुर के व्यापारी दिनेश मिरानिया की इस हमले में हुई मृत्यु की जानकारी से हम अत्यंत दुखी हैं और उनके परिवार के साथ इस कठिन समय में एकजुटता

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्दे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU